वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर

दिनांकः 01.11.2019

आवश्यक सूचना

विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत सभी छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि शासन द्वारा दिनांक 18 अक्टूबर, 2019 को दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के आवेदन फार्म भरने हेतु जारी की गयी नई समय–सारणी के अनुसार समस्त वर्गो के अवशेष छात्र/छात्राएं दिनांक 01 नवम्बर, 2019 से 20 नवम्बर, 2019 तक छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति का आवेदन फार्म भर सकते हैं। आवेदन पत्र भरने के 07 दिन के अन्दर विलम्बतम् 27 नवम्बर, 2019 तक आवेदन पत्र की हार्डकापी, वांछित संलग्नकों सहित अपने–अपने विभाग में जमा किया जाना है तत्पश्चात् समस्त विभागाध्यक्ष से यह निवेदन है कि पूर्व की भाँति ही विभाग में प्राप्त आवेदन पत्रों की मूल प्रति समस्त वांछित संलग्नकों सहित यथास्थान प्रमाणित कर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में दिनांक 28 नवम्बर, 2019 को अपरान्ह 02:00 बजे तक अनिवार्य रूप से वर्गवार सूची सहित जमा कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

(प्रो0 अजय द्विवेदी)
अधिष्ठाता छात्र कल्याण

प्रतिलिपिः 1–समस्त संकायाध्यक्ष, विश्वविद्यालय परिसर में संचालित पाठ्यक्रम को इस आशय के साथ प्रेषित कि अपने संकाय के समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित करने का कष्ट करें।
2–निजी सचिव कुलपति, कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
3–वरिष्ठ आशुलिपिक कुलसचिव, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
4–वेब प्रभारी को इस आशय के साथ प्रेषित कि सूचना को वेब–साइट पर अविलम्ब अपलोड करने का कष्ट करें।
5–अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय के सूचना पट्ट पर चस्पा करने हेतु।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण